मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
"चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

## //सूचना//

**संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल (म.प्र.) के अंतगर्त केवल आगनबाडी कार्यकर्ता से सीमित सीधी भर्ती बैकलॉग (पद कोड 01) एवं सीमित सीधी भर्ती (पद कोड 03) हेतु पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2024 के अंतर्गत संबंधित याचिका में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के अंतर्गत आवेदन करने हेतु सूचना**

संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल (म.प्र.) के अंतगर्त पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2024 के अंतर्गत केवल केवल आगनबाडी कार्यकर्ता से सीमित सीधी भर्ती बैकलॉग (पद कोड 01) एवं सीमित सीधी भर्ती (पद कोड 03) पद से संबंधित याचिका क्रमांक 2331/2025 में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर द्वारा याचिकाकर्ताओ को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन-पत्र जमा करने के लिए अंतरिम राहत प्रदान की गई है। अत: माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में उक्त याचिका के याचिकाकर्ता दिनांक 21.02.2025 से 25.02.2025 तक अपने ऑनलाईन-आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन की वेबसाईट www.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

www.newsjobmp.com

आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई संपूर्ण पूर्णत: सत्य है, किसी भी स्तर पर आवेदक द्वारा प्रदत्त जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है। आवेदक द्वारा निर्धारित अवधि तक आवेदन-पत्र नही भरने पर परीक्षा में सम्मिलित नही किये जा सकेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आवेदक/याचिकाकर्ता की होगी।

परीक्षा उपरांत उपरोक्तानुसार आवेदन भरने वाली समस्त याचिकाकर्ताओ/आवेदिकाओ की अभ्यर्थिता पूर्णत: प्रावधिक रहेगी एवं उनके परीक्षा परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय तक with-held रहेंगे।